actually more than 5 hours prescribed by the Department but they are treated as having worked for 5 hours only; and

(d) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) and (b). Attendance Register is required to be maintained in departmental post offices for all officials including Extra departmental employees.

(c) No.

(d) Does not arise.

CENTRAL STATE FARM

174. SHRI S. R. DAMANI : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether any headway has been made in setting up the new Central State Farm at Hissar and the other in Mysore, the site whereof has already been selected; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) and (b). The matter is still under discussion with the respective State Governments.

घास से प्रोटीन

175. **श्री बसवन्त** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या घास से मानवीय उपभोग के लिये प्रोटीन निकालने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ख) क्या यह सच है कि इस दिशा में विदेशों में अनुसन्धान किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) असम कृषि कालेज, जोरहाट तथा कृषि कालेज और अनुसन्धान संस्थान, कयोम्बतूर में बहुतायत से पैदा होने वाली वनस्पतियों से मानव उपभोग के लिये प्रोटीन निकालने के लिये दो प्रयोगात्मक अनुसन्धान प्रायोजनाएं चल रहीं हैं । इन केन्द्रों पर हो रहे कार्य के अलावा, केन्द्रीय खाद्य औद्योगिकी अनुसन्धान संस्थान, मैसूर में भी इस प्रायोजन पर अध्ययन हो रहा है । ये प्रायोजनाएं अभी प्रयोगात्मक अवस्था में हैं ।

सरकार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार विदेशों में पत्तों से मानव उपभोग के लिये प्रोटीन निकालने के लिये अनुसन्धान से सम्बन्धित मुख्य कार्य ब्रिटेन में रोथम स्टेड एक्सपेरिमेन्टल स्टेशन और संयुक्त-राज्य अमेरिका में विसकानसिन विश्वविद्यालय के जीव रसायन विभाग में किया जा रहा है ।

शेर (टायगर) की खाल की मांग

176. **श्री बसवन्त** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों में शेर की खाल की बढ़ती हुई मांग के कारण जंगलों में बहुत बड़ी संख्या में चीते मारे जा रहे हैं ;

(ख) क्या चीतों के इस अन्धाधुन्ध विनाश को रोकने के लिये कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). बहुत बड़ी संख्या में चीतों के मारे जाने के बारे में भारत सरकार को कोई जानकारी नहीं है। "वन्य पशुओं तथा पक्षियों की रक्षा" राज्य का विषय है और राज्यों ने पहले ही ऐसा अधिनियम बनाया हुआ है जिसके अन्तर्गत वन्य क्षेत्रों में चीतों का मारना नियंत्रित किया जाता है।

उद्यान विज्ञान की संस्था

177. **श्री बसवन्त :**
श्री इसहाक साम्भली :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में उद्यान विज्ञान की संस्था स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इससे क्या-क्या लाभ होंगे; और

(ग) इसकी स्थापना के स्थान के बारे में निर्णय किस आधार पर किया जायेगा ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हां।

(ख) इस संस्थान में संकर प्रजनन द्वारा फलों, सब्जियों तथा सजावट के पौधों में सुधार करने के लिए अनुसन्धान किये जायेंगे। उनके उत्पादन में सुधार करने के लिए कृषि विषयक तकनीकों तथा रोग नियन्त्रण के बारे में मानकीकरण के कार्य किये जायेंगे। इन अध्ययनों से देश को और विशेषकर दक्षिणी भागों को बड़ा लाभ होगा।

(ग) यह संस्थान बंगलौर (मैसूर राज्य) से 16 मील दूर हैसरघाटा में स्थापित किया जायेगा। मैसूर सरकार ने इसके लिए 62 एकड़ नैशनल हार्टोरियन तथा 500 एकड़ और उपजाऊ भूमि को हस्तान्तरण करना मान लिया है। यहां की जलवायु सब्जियां, सजावटी पौधों तथा अंगूर, आम, केला, सपोटा, लीची तथा अमरूद आदि के उत्पादन के लिए बड़ी अच्छी है। उपरोक्त बातों को दृष्टि में रख कर ही संस्थान के स्थान का निर्णय किया गया है।

कृषि विश्वविद्यालय

178. **श्री मृत्युंजय प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रत्येक राज्य में कम से कम एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय कर लिया गया है; और

(ख) यदि भाग (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो अब तक किन-किन राज्यों में किन-किन स्थानों पर वे विश्वविद्यालय स्थापित किये गये हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) शिक्षा आयोग (1964—66) ने सिफारिश की है कि प्रत्येक राज्य में कम से कम एक कृषि विश्वविद्यालय होना चाहिए। कृषि शिक्षा सम्बन्धी स्टैंन्डिग कमेटी ने भी इस विचार की पुष्टि की है। सरकार इन विश्वविद्यालयों की स्थापना में राज्यों को पूरा सहयोग देगी।

(ख) अब तक 8 कृषि विश्वविद्यालय